प्रादेशिक समाचार

दिनांक–23.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

सुप्रीम कोर्ट ने आज बड़ा फैसला लेते हुए कहा है कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को डाउनलोड करना, स्टोर करना और देखना पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने सभी अदालतों को चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द का इस्तेमाल नहीं करने का निर्देश दिया।

****

झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग की एक टीम आज दो दिन के रांची दौरे पहुंची है। इस टीम में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू भी शामिल हैं। आयोग की टीम ने आज रांची में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में भाजपा, कांग्रेस और सीपीआई (एम) सहित छह राष्ट्रीय दलों और तीन क्षेत्रीय दलों – झामुमो, राजद और आजसू के प्रतिनिधि शामिल थे।

****

चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान भाजपा की ओर मुख्य रुप से राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ का मामला उठाया गया। बैठक के बाद भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि आयोग से संताल परगना के सीमावर्ती इलाकों में आधार कार्ड की जांच कराने की मांग की गयी है।

****

भाजपा की सहयोगी आजसू पार्टी ने विधानसभा चुनाव कराने की मांग आयोग के समक्ष रखी। आजसू पार्टी के नेता हसन अंसारी ने कहा कि पार्टी चाहती है कि राज्य में निर्धारित समय पर ही चुनाव हो।

****

राज्य में सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक दल झामुमो ने बैठक के दौरान चुनाव आयोग से 15 नवंबर के बाद कम से कम चरणों में मतदान कराने का आग्रह किया। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा नेताओं पर हेट पॉलिटिक्स करने का आरोप भी लगाया।

****

कांग्रेस पार्टी ने भी आयोग के समक्ष झामुमो की मांग को ही दोहराया। बैठक के बाद पार्टी नेता विनय प्रकाश दीपू ने कहा कि चुनाव आयोग से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की गयी है।

****

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज खूंटी से पार्टी की दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान वे जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन कचहरी मैदान, खूंटी में किया गया है। प्रदेश भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कोल्हान प्रमंडल में परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे। श्री चौहान बहरागोड़ा के शाखा मैदान में परिवर्तन महासभा में हिस्सा लेंगे। सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर आज गढ़वा और पलामू में भाजपा की परिवर्तन महासभा में शामिल होंगे। गिरिडीह जिले के गांडेय में आज मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे।

****

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने आज गढ़वा जिले से मंईयां सम्मान यात्रा की शुरुआत की। जिले के बंशीधर नगर से मंत्री बेबी देवी और विधायक कल्पना सोरेन के नेतृत्व में इसका शुभारंभ किया गया।

****

साहिबगंज जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए विशेष पहल की जा रही है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता।

*****समाप्त******